फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)मुकाम–सिरोही(राज.)

प्रार्थीगण		**अप्रार्थी**
2 प्रदीप कुमार पुत्र कलाराम जाति सुथार निवासी मेरमण्डवाडा तहसील व जिला सिरोही	बनाम	1.स्टेट, जरिये तहसीलदार, सिरोही

किस्म मुकदमा
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट

रा.प्रा.पत्र सं. 147 / 2024

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
09–07–25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री पुष्पेन्द्र चौधरी व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक / कोर्ट / 2025 / 453 दिनांक 12–06–2025 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार ग्राम मेरमण्डवाडा पटवार हल्का मेरमण्डवाडा व तहसील सिरोही में जमाबंदी के अनुसार वर्तमान में खाता नंबर 372 खसरा नंबर 2556 रकबा 2.56 हेक्टेयर की एकल खातेदारी प्रेमाजी पुत्र कला जी सुथार सा.देह खातेदारी के नाम दर्ज है। भूमि स्थित है। ग्राम में पुत्र कला जी व प्रदीप कुमार पुत्र कला जी सुथार के बारे में जानकारी ली गई तो गांव में आम बोलचाल में प्रेमा कह कर बुलाते थे लेकिन पहचान दस्तावेजात के अनुसार आधार कार्ड, पहचान पत्र, पेनकार्ड, लाइसेन्स इन सभी में प्रदीप कुमार पुत्र कला जी दर्ज है। गांववासियों ने बताया कि प्रेमा व प्रदीप दोनों एक ही व्यक्ति है। प्रेमाराम पुत्र कलाराम के नाम का अन्य गांव में कोई व्यक्ति नहीं है। प्रार्थी के पहचान दस्तावेजात के आधार पर प्रेमाराम पुत्र कला जी की जगह इनका नाम प्रदीप कुमार पुत्र कला जी सुथार किया जाना उचित होगा। प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की अंतिम बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया । सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ***प्रार्थी राजस्व ग्राम मेरमण्डवाडा पटवार हल्का मेरमण्डवाडा तहसील व जिला सिरोही के खातेदारी खसरा संख्या 2556 रकबा 2.5600 हेक्टेयर के जमाबंदी में प्रेमाराम पुत्र कलाजी की जगह इनका नाम प्रदीप कुमार पुत्र कलाराम सुथार संशोधन कर*** उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें। लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.) सिरोही भू अभिलेख अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) सिरोही (राज०) न्यायालय लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर सिरोही (राज०)	